# <u>भारतीय खान ब्यूरो, कोलकाता आंचलिक कार्यालय में दिनांक 17.06.2026 को आयोजित एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला की रिपोर्ट</u>

राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारतीय खान ब्यूरो, कोलकाता आंचलिक कार्यालय में दिनांक 17 जून, 2026 को एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला वर्ष 2026 में आयोजित की जाने वाली छह हिन्दी कार्यशालाओं की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित की गई।

**उद्घाटन सत्र (प्रातः 10:45 बजे)**

कार्यशाला का शुभारम्भ प्रातः 10:45 बजे उद्घाटन समारोह के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा राजभाषा हिन्दी के संवर्धन एवं प्रोत्साहन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**प्रथम व्याख्यान -**

**प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक** प्रथम व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें **डॉ. पुखराज नेणिवाल, खान नियंत्रक (पूर्वांचल)** ने **"स्वतंत्रता पूर्व आंदोलन के साथ हिन्दी का विकास"** विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिन्दी की भूमिका, राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में उसके योगदान तथा स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिन्दी के विकास के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। अपने व्याख्यान में उन्होंने अठारहवीं शताब्दी के **संन्यासी विद्रोह** को विदेशी शासन के विरुद्ध प्रारम्भिक संगठित प्रतिरोधों में से एक बताते हुए कहा कि ऐसे आंदोलनों ने भारतीय समाज में स्वाधीनता की भावना को जागृत करने का कार्य किया। इसके पश्चात् विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक आंदोलनों के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना का विस्तार हुआ, जिसमें हिन्दी भाषा ने जनसंपर्क और विचार-विनिमय के प्रभावी माध्यम के रूप में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विषय में गहरी रुचि दिखाई।

**द्वितीय व्याख्यान -**

**अपराह्न 12:15 बजे से 01:30 बजे तक** द्वितीय व्याख्यान आयोजित किया गया। इस सत्र में **डॉ. सुनील कुमार झा, अधीक्षण खनन भूविज्ञानी** ने **"कार्यालयीन कार्य में हिन्दी का प्रभावी प्रयोग"** विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग की आवश्यकता, राजभाषा नियमों के अनुपालन तथा पत्राचार, टिप्पणियों एवं प्रतिवेदनों में हिन्दी के अधिकाधिक उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**तृतीय एवं चतुर्थ व्याख्यान -**

भोजनावकाश के उपरांत **अपराह्न 02:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक** तृतीय एवं चतुर्थ व्याख्यान आयोजित किए गए, जिनका विषय **"जेम पोर्टल से खरीददारी, भुगतान एवं बिलों का निपटारा"** था। इस सत्र में सरकारी खरीद प्रणाली की पारदर्शिता, दक्षता एवं सुगमता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

सर्वप्रथम **श्री उदय कुमार पोल, सहायक खनन अभियंता** ने जेम (Government e-Marketplace) पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद प्रक्रिया, निविदा प्रबंधन, विक्रेता चयन तथा खरीद संबंधी विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने जेम पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं एवं सरकारी खरीद में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से खरीद प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को सरलता से समझाया।

तत्पश्चात **श्रीमती एकता गिरि, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी** ने जेम पोर्टल के अंतर्गत भुगतान प्रणाली, बिलों के प्रस्तुतिकरण एवं निपटान की प्रक्रिया तथा संबंधित प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने भुगतान से संबंधित विभिन्न चरणों, आवश्यक दस्तावेजों, समयबद्ध निपटान तथा प्रक्रिया में आने वाली सामान्य समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।
सत्र के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया तथा विषय से संबंधित व्यावहारिक अनुभवों का आदान-प्रदान भी हुआ, जिससे उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जेम पोर्टल के प्रभावी उपयोग तथा वित्तीय प्रक्रियाओं की बेहतर समझ प्राप्त हुई।

**समापन समारोह -**

सायं 05:00 बजे समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन अवसर पर वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा प्रतिभागियों से प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इसे ज्ञानवर्धक, उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

इस प्रकार इस एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ तथा इसमें सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय एवं उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यशाला के माध्यम से राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को और अधिक प्रोत्साहन मिला।

--------


हिन्दी कार्यशाला
17.06.2026








हिन्दी कार्यशाला
17.06.2026






हिन्दी कार्यशाला
17.06.2026






Download All Categories
Browse All Categories
Filter By Created On
Filter By Type
SEARCH
RESET


View Past Performance
Shopping Cart
DRY POWDER FIRE EXTINGUISHER FOR METAL FIRES As Per IS 11833
INVITE SELLER
SAFETY PLUS IS 11833
latest DRY POWDER FIRE ...
₹ 35,000.00
ADD TO CART


जैम पर ऑर्डर दिलाने के बदले पैसे मांगने वाली कॉल्स से सावधान रहें।
ऐसी कॉल्स को नज़रअंदाज़ करें और
तुरंत रिपोर्ट करें
SATARK RAHEIN, ZIMMEDAR BANEIN!


SATARK RAHEIN, ZIMMEDAR BANEIN!